Download from www.MsEducationTv.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 16

# SS-30-Accountancy

## लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY)

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2022

समय : 2 घण्टे 45 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English version of the question paper, the question of the Hindi version should be treated valid.

OFFICE COPY



Download from www.MsEducationTv.com

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

(i) गैर–लाभकारी संस्थाओं का मूल उद्देश्य होता है

(अ) लाभ कमाना (ब) जन कल्याणकारी कार्य

(स) व्यवसाय करना (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

The main object of Not for profit Organisations is :

(A) To earn profit (B) Public Welfare Work

(C) To do business (D) None of the above 1

(ii) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदार ______ पाने का हकदार नहीं है।

(अ) वेतन (ब) पूँजी पर ब्याज

(स) फीस व कमीशन (द) उपर्युक्त सभी

Partners are not entitled to receive ______ in the absence of partnership agreement : 1

(A) Salary (B) Interest on capital

(C) Fees & Commission (D) All of the above

OFFICE COPY

(iii) पुनर्मूल्यांकन खाते की प्रकृति है

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) नाममात्र का खाता

(स) वास्तविक खाता (द) इनमें से कोई नहीं

Nature of revaluation account is :

(A) Personal account (B) Nominal account 1

(C) Real account (D) None of these

(iv) सारणी एफ के अनुसार, कंपनी अग्रिम माँग पर ब्याज दे सकती है

(अ) 8% (ब) 10%

(स) 12% (द) 14%

As per Table F, a company can pay interest on calls-in-advance at :-

(A) 8% (B) 10%

(C) 12% (D) 14% 1



Download from www.MsEducationTv.com

(v) ऋणपत्रधारी होते हैं

(अ) कंपनी के स्वामी (ब) कंपनी के ग्राहक

(स) कंपनी के ऋणदाता (द) इनमें से कोई नहीं

Debenture holders are : 1

(A) Owners of the company

(B) Customers of the company

(C) Loan providers of the company

(D) None of these

(vi) ऐसे ऋणपत्र जो समता अंशो में परिवर्तित किये जा सकते हैं, कहलाते हैं

(अ) शोधनीय ऋणपत्र (ब) पंजीकृत ऋणपत्र

(स) वाहक ऋणपत्र (द) परिवर्तनीय ऋणपत्र

The debentures which can be converted into equity Shares are called : 1

(A) Redeemable debentures (B) Registered debentures

(C) Bearer debentures (D) Convertible debentures

(vii) चिट्ठे के समता एवं दायित्वों के भाग की अंश पूँजी की कुल राशि में सम्मिलित होती है

(अ) अधिकृत पूँजी (ब) निर्गमित पूँजी

(स) प्रार्थित एवं चुकता पूँजी (द) संचित पूँजी

OFFICE COPY

Total amount of share capital in equity and liabilities part of the Balance Sheet includes the following : 1

(A) Authorised capital

(B) Issued capital

(C) Subscribed & paid up capital

(D) Reserve capital

(viii) ऋणपत्रों के समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन की स्थिति में, यदि प्रविष्टि की जाती है तो किस खाते को नामे किया जाएगा ?

(अ) ऋण खाता (ब) ऋणपत्र खाता

(स) ऋणपत्र उचिन्त खाता (द) बैंक खाता

In the case of issue of debentures as collateral security, if entry is passed, which account will be debited ? 1

(A) Loan account

(B) Debenture account

(C) Debenture Suspense account

(D) Bank account



Download from www.MsEducationTv.com

(ix) वित्तीय विवरण उपयोगी होते हैं

(अ) कर्मचारियों के लिए (ब) प्रबन्धकों के लिए

(स) अंशधारियों के लिए (द) सभी के लिए

Financial statements are useful for : 1

(A) Employees (B) Managers

(C) Shareholders (D) All of above

(x) निम्न में से कौन सा व्यय कर्मचारी हित का व्यय नहीं है ?

(अ) वेतन (ब) भविष्य निधि अंशदान

(स) कारखाने की मशीन मरम्मत (द) ग्रेच्युइटी भुगतान

Which of the following is not employee benefits expenses ? 1

(A) Salary (B) Provident Fund Contribution

(C) Repairs of Factory Machine (D) Payment of Gratuity

(xi) समानाकार चिट्ठे में कुल समता एवं कुल दायित्वों को किसके समान माना जाता है ?

(अ) 1 (ब) 100

(स) 10 (द) 1000

In common size Balance sheet, total of Equity and total Liabilities are assumed to be equal to : 1

(A) 1 (B) 100

(C) 10 (D) 1000

(xii) यदि 365 दिन में व्यापारिक देयता आवर्त अनुपात का भाग दें तो यह अनुपात होगा

(अ) स्कन्ध की औसत अवधि

(ब) औसत संग्रहण अवधि

(स) औसत भुगतान अवधि

(द) चेक संग्रहण अवधि

If 365 days is divided by the Trade Payable Turnover Ratio, it becomes a ratio of : 1

(A) Average age of Inventory

(B) Average Collection Period

(C) Average Payment Period

(D) Cheque Collection Period



OFFICE COPY

Download from www.MsEducationTv.com

2. रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

Fill in the blanks :

(i) आहरण पर ब्याज फर्म के लिए ________ है। (आय/व्यय)

Interest on Drawing is ________ for firm. (Income / Expense) 1

(ii) कंपनी के पार्षद सीमानियम में लिखित अधिकतम पूँजी ________ कहलाती है। (अधिकृत पूँजी / निर्गमित पूँजी)

The Maximum Capital written in memorandum of association of a company is called ________ (Authorised Capital / Issued Capital) 1

(iii) ऋणपत्रों पर ब्याज की दर ________ होती है। (स्थिर/परिवर्तनशील)

Rate of interest on debentures is ________. (Fixed / Fluctuating) 1

(iv) जब ऋणपत्रों को प्रीमियम पर निर्गमित किया जाता है, तो प्रतिभूति प्रीमियम खाता ________ होगा। (नामे/जमा)

When debentures are issued at premium, Securities premium account will be ________. (debited / credited) 1

(v) प्रवृत्ति विश्लेषण, ________ विश्लेषण की तकनीक है। (लागत / वित्तीय)

Trend Analysis is the technique of ________ Analysis. (Cost / Financial) 1

(vi) तरलता अनुपात को ________ परख अनुपात के रूप में जाना जाता है। (अम्ल/धातु)

Liquidity ratio is also known as ________ Test ratio. (Acid / Metal) 1

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न :

Very short answer type questions :

(i) ऐसी दो मदों के नाम लिखो जो प्राप्ति व भुगतान खाते में नहीं दिखाई जाती है।

Write the name of any two items which do not appear in Receipt and Payment account. 1

(ii) 'अ' और 'ब' एक फर्म में 3:1 में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। वे लाभों में 1/5 हिस्से के लिए 'स' को प्रवेश देते हैं, जिसे वह 'अ' से लेता है। नया लाभ–हानि अनुपात क्या होगा ?

A and B are partners in a firm, sharing profit in the ratio of 3:1. They admit C for $1/5^{th}$ share of profits, which he acquires from A. New profit & loss share ratio will be 1

OFFICE COPY



Download from www.MsEducationTv.com

(iii) अग्रिम माँग का अर्थ बताइये ।

Give the meaning of Calls-in-advance. 1

(iv) अपरिवर्तनीय ऋणपत्रों से क्या आशय है ?

What is meant by non-convertible debentures ? 1

(v) 'पी लिमिटेड' ने ₹ 100 वाले 4,000, 9% ऋणपत्र, 4% बट्टे पर निर्गमित किये । ऋणपत्रों के निर्गमन की जर्नल प्रविष्टि दीजिये ।

P Ltd. issued 4000, 9% Debentures of ₹ 100 each at 4% discount. Give journal entry of issue of debentures. 1

(vi) यदि ₹ 5,00,000 के ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किए गए, परन्तु 10% प्रीमियम पर शोधनीय हों, तो ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम की राशि क्या होगी ?

If debentures of ₹ 5,00,000 issued at par, but redeemable at 10% premium, what will be the amount of premium on redemption of debentures ? 1

(vii) मानस लिमिटेड ने ₹ 4,00,000 अंकित मूल्य के स्वयं के ऋणपत्र, खुले बाजार से तुरंत निरस्त करने के लिए ₹ 92 प्रति ऋणपत्र की दर पर क्रय किये । ऋणपत्रों के निरस्त करने पर फायदे की राशि ज्ञात कीजिए ।

Manas Ltd. purchased its own debentures of the face value of ₹ 4,00,000 from the open market for immediate cancellation at ₹ 92 per debenture. Calculate the amount of Gain on cancellation of debentures. 1

(viii) ऋणपत्रों पर ब्याज की प्रकृति क्या है ?

What is the nature of interest on debentures ? 1

(ix) कम्पनी के द्वारा तैयार किये जाने वाले दो मुख्य वित्तीय विवरणों के नाम बताइये ।

Name the two main financial statements prepared by a company. 1

(x) विनियोगकर्ता वित्तीय विवरणों का विश्लेषण क्यों करते हैं ?

Why do investors make analysis of Financial Statements ? 1

(xi) क्षैतिज व लम्बवत विश्लेषण में दो अन्तर बताओ ।

Give two differences between horizontal and vertical analysis. 1

(xii) एक कम्पनी का स्कन्ध आवर्त अनुपात 4 है तथा इसकी संचालन से आगम की लागत ₹ 2,40,000 है, तो औसत स्कन्ध क्या होगा ?

The inventory turnover ratio of a company is 4 and its cost of revenue from operations is ₹ 2,40,000, then average inventory will be ? 1



OFFICE COPY

Download from www.MsEducationTv.com

## खण्ड – ब
## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न :–

Short answers type questions.

4. निम्नांकित सूचनाओं से चन्दे की राशि जो आय–व्यय खाते में दिखायेंगे की गणना कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 01-04-2019 | बकाया चन्दा | 15,000 |
| | अग्रिम प्राप्त चन्दा | 5,000 |
| 31-03-2020 | बकाया चन्दा | 6,000 |
| | अग्रिम प्राप्त चन्दा | 10,000 |
| | 2019–20 वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा | 50,000 |

From the following informations, calculate amount of subscription, which will be shown in Income and Expenditure Account. 2

| | | ₹ |
|---|---|---|
| 01-04-2019 | Subscription in Arrear | 15,000 |
| | Subscription received in advance | 5,000 |
| 31-03-2020 | Subscription in Arrear | 6,000 |
| | Subscription received in advance | 10,000 |
| | Subscription received during the year 2019-20 | 50,000 |

OFFICE COPY

5. P व Q एक फर्म में साझेदार हैं। P प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को ₹ 2,000 तथा Q प्रत्येक माह की अन्तिम तिथि को ₹ 4,000 वर्ष पर्यन्त आहरण करते हैं। आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाता है। वर्ष के अन्त में आहरण पर ब्याज की गणना कीजिये।

P and Q are partners in a firm. P withdraws ₹ 2,000 at the beginning of each month. Whereas, Q withdraws ₹ 4,000 at the end of each month during the whole year. Interest on drawing is charged @ 12% per annum. Calculate the amount of interest on drawing at the end of the year. 2

6. एक फर्म की पूँजी ₹ 4,00,000 है व औसत लाभ ₹ 60,000 तथा सामान्य प्रत्याय दर 10% है। ख्याति का मूल्य अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ज्ञात कीजिये।

Capital of the firm is ₹ 4,00,000. Normal rate of return is 10% and average profit of the firm is ₹ 60,000. Goodwill is to be valued at three years purchase of super profits. Calculate the value of Goodwill. 2



Download from www.MsEducationTv.com

7. 'एक्स' और 'वाई' 5 : 4 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार हैं। वे 'जेड' को फर्म में 1/3 लाभ हिस्से के लिए प्रवेश देते हैं, जिसे वह 'एक्स' से 2/9 और 'वाई' से 1/9 लेता है और ₹ 1500 नकद ख्याति (प्रीमियम) के रूप में लाता है। 'जेड' के प्रवेश पर आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए।

X and Y are partners sharing profits in the ratio of 5:4. They admit Z in the firm for 1/3rd profit, which he takes 2/9th from X and 1/9th from Y and brings ₹ 1500 as goodwill (Premium) in cash. Pass necessary Journal entries on Z's admission. 2

8. प्रतिभूति प्रीमियम राशि के कोई दो उपयोग लिखिए।

Write any two uses of Securities Premium Amount. 2

9. याशु लिमिटेड ने एंजल लिमिटेड से ₹ 6,00,000 में एक मशीन क्रय की। याशु लिमिटेड ने ₹ 100 मूल्य वाले 5000 समता अंशों को 20% प्रीमियम पर एंजल लिमिटेड को भुगतान हेतु जारी किये, याशु लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये।

Yaashu Ltd. Purchased a machinery from Angel Ltd. for ₹ 6,00,000. Yaashu Ltd. issued 5,000 Equity Shares @ ₹ 100 each at 20% premium. Give necessary Journal entries in the books of Yaashu Ltd. 2

10. प्रियांशी लिमिटेड ने ₹ 10 वाले ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम सहित 15000 समता अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। कुल आवेदन राशि ₹ 60,000, ₹ 3 प्रति अंश की दर से प्राप्त हुई। अभिदान के प्रकार का नाम लिखिए तथा आवेदन राशि प्राप्त करने की जर्नल प्रविष्टि दीजिए, आवेदित अंशों की संख्या भी ज्ञात कीजिए।

Priyanshi Ltd. had invited application for 15,000 Equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 each. The total application money received @ ₹ 3 per share was ₹ 60,000. Name the kind of the subscription and give journal entry for application money received. Calculate the number of shares applied for also. 2

11. 'एस' लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 3,000, 7% ऋणपत्र सममूल्य पर निर्गमित किये, जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर होना है। 'एस लि.' की पुस्तकों में निर्गमन प्रविष्टियाँ दीजिये।

S Ltd. issued 3000, 7% Debentures of ₹ 100 each at par, which are repayable at 5% premium. Give journal entries for the issue in the books of S Ltd. 2

12. 'एक्स लिमिटेड' ने ₹ 1,00,000 अंकित मूल्य के 1000 स्वयं के ऋणपत्रों को खुले बाजार में ₹ 97 पर तुरंत निरस्त करने के लिए क्रय किया। जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए। (यदि प्रत्येक ऋणपत्र का अंकित मूल्य ₹ 100 हों)

X Ltd. purchased its own 1000 debentures of the face value of ₹ 1,00,000 from the open market for immediate cancellation at ₹ 97. Pass journal entries. (If face value of each debenture is ₹ 100.) 2



Download from www.MsEducationTv.com

13. निम्न मदों के शीर्षक तथा उप–शीर्षक लिखिए :

(i) प्रस्तावित लाभांश (ii) ऋणपत्र

Write the Head and Sub-Head of following items : 2

(i) Proposed Dividend (ii) Debenture

14. निम्नलिखित सूचनाओं से समानाकार चिट्ठा तैयार कीजिए :

| विवरण | ₹ |
|---|---|
| समता व दायित्व | |
| समता | 6,00,000 |
| दीर्घकालीन ऋण | 2,00,000 |
| योग | **8,00,000** |
| सम्पत्तियाँ | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 6,40,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 1,60,000 |
| योग | **8,00,000** |

OFFICE COPY

Prepare common size Balance sheet from the following information :- 2

| Particulars | ₹ |
|---|---|
| Equity & Liabilities | |
| Equity | 6,00,000 |
| Long term Debt | 2,00,000 |
| TOTAL | **8,00,000** |
| Assets | |
| Fixed Assets | 6,40,000 |
| Current Assets | 1,60,000 |
| TOTAL | **8,00,000** |

15. यदि प्रारम्भिक स्टॉक ₹ 40,000, शुद्ध क्रय ₹ 1,00,000, प्रत्यक्ष–व्यय ₹ 10,000 है, तथा अंतिम स्टॉक ₹ 35,000 हो तो बेचे गये माल की लागत ज्ञात करो ।

If opening stock ₹ 40,000, Net purchases ₹ 1,00,000, Direct Expenses ₹ 10,000 and closing stock is ₹ 35,000, then calculate cost of goods sold. 2



Download from www.MsEducationTv.com

16. जतिन लिमिटेड के चालू दायित्व ₹ 60,000 है । इसका चालू अनुपात 3 : 1 तथा तरलता अनुपात 2.25 : 1 है । रहतिये (स्कन्ध) का मूल्य ज्ञात कीजिए ।

Current liabilities of Jatin Ltd. are ₹ 60,000. It's current ratio is 3:1 and Liquidity ratio is 2.25 : 1. Calculate the value of Inventories (Stock). 2

## खण्ड – स

## SECTION – C

17. निम्नलिखित सूचनाओं से आय-व्यय खाते में दिखाई जाने वाली स्टेशनरी की राशि ज्ञात कीजिये :

| | 01-04-2020 (₹) | 01-04-2021 (₹) |
|---|---|---|
| स्टेशनरी का स्टॉक | 2000 | 800 |
| स्टेशनरी के लिए लेनदार | 1200 | 1200 |
| स्टेशनरी हेतु अग्रिम भुगतान | 400 | 600 |

वर्ष 2020-21 के दौरान स्टेशनरी की राशि चुकाई ₹ 10,000 ।

Calculate the amount of Stationery to be shown in Income and Expenditure Account from the following information : 3

| | 01-04-2020 (₹) | 01-04-2021 (₹) |
|---|---|---|
| Stock of Stationery | 2000 | 800 |
| Creditors of Stationery | 1200 | 1200 |
| Advance paid for Stationery | 400 | 600 |

Amount paid for Stationery during 2020-21 was ₹ 10,000.

OFFICE COPY

18. प्रिया, सुमन और शालू एक फर्म में 5:3:2 के अनुपात में साझेदार हैं । शालू को फर्म से प्रतिवर्ष न्यूनतम ₹ 80,000 लाभ की गारंटी दी गई है । यदि इस राशि में कोई कमी रहती है तो उसे प्रिया और सुमन 2:1 के अनुपात में वहन करेंगी । वर्ष 2020-21 के दौरान फर्म ने ₹ 2,50,000 का लाभ अर्जित किया ।

फर्म का लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइये ।

Priya, Suman and Shalu are partners in the ratio of 5:3:2. A guarantee is given to Shalu for a minimum profit of ₹ 80,000 per annum by the firm Any deficiency in that amount will be borne by Priya and Suman in the ratio of 2:1. During the year 2020-21 the firm earned a profit of ₹ 2,50,000.

Prepare P&L Appropriation A/c of the firm. 3



Download from www.MsEducationTv.com

19. 'अ' और 'ब' एक फर्म में बराबर लाभ–हानि बाँटते हुए साझेदार हैं । उन्होंने 'स' को 1/4 हिस्से के लिए फर्म में प्रवेश दिया । 'स' के प्रवेश पर वे निम्नलिखित निर्णय लेते है :

(i) भवन व स्टॉक का मूल्य क्रमशः ₹ 10,000 व ₹ 4,000 से बढ़ाया जाये ।

(ii) फर्नीचर व मशीन का मूल्य क्रमशः ₹ 1,000 व ₹ 3,000 से कम किया जाये ।

(iii) देनदारों पर ₹ 2,000 का डूबत ऋण आयोजन बनाया जाये ।

उपरोक्त लेनदेनों से फर्म की पुस्तकों में पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए ।

A and B are partners sharing Profit and Loss equally in a firm. They admitted C in the firm for 1/4$^{th}$ share. On admission of C, they take following decisions :

(i) The value of Building and Stock is to be appreciated by ₹ 10,000 and ₹ 4,000 respectively.

(ii) The value of furniture and Machine is to be reduced by ₹ 1,000 and ₹ 3,000 respectively.

(iii) Make a provision of ₹ 2,000 on debtors for bad debts.

Prepare revaluation account from the above information in the books of the firm. 3

20. यदि चालू अनुपात 2.5:1, तरलता अनुपात 1.6 : 1 तथा कार्यशील पूँजी ₹ 90,000 हो तो चालू सम्पत्तियाँ, चालू दायित्व तथा स्टॉक का मूल्य ज्ञात कीजिये ।

If the current ratio is 2.5:1, Liquidity ratio is 1.6 : 1 and working capital is ₹ 90,000, find the value of Current Assets, Current Liabilities and Stock. 3

OFFICE COPY

## खण्ड – द

## SECTION – D

21. 'अ' और 'ब' एक व्यवसाय के लाभों को 5 : 3 में बाँटते हैं । वे स को लाभ में ¼ हिस्से के लिए शामिल करते हैं, जो कि 'अ' तथा 'ब' द्वारा बराबर दिया जायेगा । स के प्रवेश के समय फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार से था :

| दायित्व | (₹) | सम्पत्ति | (₹) |
|---|---|---|---|
| अ की पूँजी | 50,000 | मशीनरी | 35,000 |
| ब की पूँजी | 30,000 | फर्नीचर | 15,000 |
| सामान्य संचय | 16,000 | स्टॉक | 10,000 |
| लेनदार | 4,000 | बैंक | 40,000 |
| | **1,00,000** | | **1,00,000** |

'स' के प्रवेश की शर्तें निम्न थी :

(i) 'स' अपने हिस्से की पूँजी तथा ख्याति के लिए ₹ 30,000 लाएगा ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ ₹ 8000 के तीन वर्षों के क्रय के बराबर किया गया है ।

(iii) मशीन, फर्नीचर एवं स्टॉक का पुनर्मूल्यांकन क्रमशः ₹ 30,000, ₹ 12,000 एवं ₹ 8,000 पर किया गया है ।

उपरोक्त सूचनाओं से आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए ।



Download from www.MsEducationTv.com

A and B share the profits of business in the ratio of 5:3. They admitted C into the firm for 1/4th share in profits which is to be contributed equally by A and B. On the date of admission of C, the Balance Sheet of the firm was as follows : **4**

| Liabilities | (₹) | Assets | (₹) |
|---|---|---|---|
| A's Capital | 50,000 | Machinery | 35,000 |
| B's Capital | 30,000 | Furniture | 15,000 |
| General Reserve | 16,000 | Stock | 10,000 |
| Creditors | 4,000 | Bank | 40,000 |
| | **1,00,000** | | **1,00,000** |

Terms of C's admission were as follows :

(i) C will bring ₹ 30,000 for his share of capital and goodwill.

(ii) Goodwill of the firm has been valued at 3 years purchase of the super profit of ₹ 8,000.

(iii) Machinery, Furniture and Stock are revalued at ₹ 30,000, ₹ 12,000 and ₹ 8,000 respectively.

Pass necessary journal entries from the above information.

**अथवा/OR**

L, M और N एक फर्म में 2:1:1 में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं, इनका तुलन पत्र (चिट्ठा) 31 मार्च, 2021 को निम्न था । वे 01 अप्रैल, 2021 से लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लेते हैं ।

**तुलन पत्र (चिट्ठा)**

| दायित्व | (₹) | सम्पत्तियाँ | (₹) |
|---|---|---|---|
| बकाया वेतन | 30,000 | बैंक में रोकड़ | 40,000 |
| संचय | 20,000 | देनदार | 20,000 |
| पूँजी : | | स्कंध | 60,000 |
| L 1,00,000 | | फर्नीचर | 80,000 |
| M 60,000 | | प्लांट | 50,000 |
| N 40,000 | 2,00,000 | | |
| | **2,50,000** | | **2,50,000** |

यह भी तय किया गया कि –

इस तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 36,000 पर किया गया ।

साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए ।



Download from www.MsEducationTv.com
OFFICE COPY

L, M and N are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2:1:1. Their balance sheet as on 31st March, 2021 was as follows. They decide to share the profits equally w.e.f. April 1, 2021.

**Balance Sheet**

| Liabilities | (₹) | Assets | (₹) |
|---|---|---|---|
| Outstanding Salary | 30,000 | Cash at Bank | 40,000 |
| Reserve | 20,000 | Debtors | 20,000 |
| Capital : | | Stock | 60,000 |
| L 1,00,000 | | Furniture | 80,000 |
| M 60,000 | | Plant | 50,000 |
| N 40,000 | 2,00,000 | | |
| | 2,50,000 | | 2,50,000 |

OFFICE COPY

It was also decided that -

The goodwill of the firm at this date be valued at ₹ 36,000.

Prepare Partner's Capital Account.

22. संजना लि. ने ₹ 10 वाले 20,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये । राशि इस प्रकार देय थी :

आवेदन पर ₹ 4 (प्रीमियम सहित), बंटन पर ₹ 4 और शेष प्रथम एवं अंतिम माँग पर । 50,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए अपूर्ण आवेदन पत्र रद्द कर दिये और उनकी राशि लौटा दी । शेष आवेदन पत्रों पर यथानुपात बंटन किया । आवेदन की अधिक प्राप्त राशि का बंटन के लिए प्रयोग करते है । विजय जिसने 4,000 अंशों के लिए आवेदन किया था बंटन तथा प्रथम एवं अंतिम माँग का भुगतान नहीं कर सका और उसके अंश जब्त कर लिये । इन सभी अंशों को ₹ 8 प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त मानते हुए पुनर्निर्गमन किये । कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए ।



Download from www.MsEducationTv.com

Sanjana Ltd. invited applications for the issue of 20,000 equity shares of ₹ 10 each at 10% premium. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 4 (Including Premium), on Allotment ₹ 4 and remaining of First and Final calls.

Applications were received for 50,000 shares. Incomplete applications of 10,000 shares were cancelled and amount was refunded. Remaining applications were allotted on Pro-rata basis. Excess application money is used for allotment. Vijay, who applied for 4,000 shares could not pay allotment and First and Final call money and his shares were forfeited. All these shares were re-issued @ ₹ 8 per share as fully paid up. Give necessary journal entries in the books of the company. 4

23. निम्न में से प्रत्येक स्थिति में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए, यदि ऋणपत्र का अंकित मूल्य ₹ 100 है :

(i) 2,000, 7% ऋणपत्र ₹ 100 पर निर्गमित किये जाएं, तथा उनका ₹ 110 पर पुनर्भुगतान किया जाए ।

(ii) 3,000, 9% ऋणपत्र ₹ 105 पर निर्गमित किये जाए, तथा उनका ₹ 110 पर पुनर्भुगतान किया जाए ।

Give journal entries in each of the following cases, if the face value of a debenture is ₹ 100 : 4

(i) 2000, 7% debenture issued at ₹ 100 and repayable at ₹ 110.

(ii) 3000, 9% debenture issued at ₹ 105 and repayable at ₹ 110.

**अथवा/OR**

BR लि. ने ₹ 10,00,000 के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन निम्न प्रकार किया :

(i) ₹ 5,00,000 के 9% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर नकद के लिए ।

(ii) प्रीयांशु लि. से ₹ 2,25,000 मशीन क्रय की, उसके प्रति-फलस्वरूप उसको ₹ 2,50,000 अंकित मूल्य के 9% ऋणपत्र निर्गमित किये ।

(iii) बैंक से ₹ 1,25,000 का ऋण लिया । समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में बैंक के पास ₹ 2,50,000 के 9% ऋणपत्र जमा कराये । जिसकी लेखा पुस्तकों में प्रविष्टि की गई ।

BR लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये ।



OFFICE COPY

Download from www.MsEducationTv.com

BR Ltd. issued 9% debentures of ₹ 10,00,000 as follows :

(i) 9% Debentures of ₹ 5,00,000 at 10% discount for cash.

(ii) A machine of ₹ 2,25,000 purchased from Priyanshu Ltd. For the consideration of it, 9% debentures were issued with a nominal value of ₹ 2,50,000.

(iii) Taken a Loan of ₹ 1,25,000 from Bank and deposited 9% Debenture of ₹ 2,50,000 as collateral security to the bank, which recorded in account books. Give Journal entries in the books of BR Ltd.

OFFICE COPY



Download from www.MsEducationTv.com

DO NOT WRITE ANYTHING HERE



Download from www.MsEducationTv.com

Download from www.MsEducationTv.com